पीडीएस के तहत 58.91 लाख परिवारों को मुफ्त चावल

चर्चा में क्यों?

11 अक्टूबर, 2021 को राज्य सरकार द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि **सार्वजनिक वितरण प्रणाली** (पीडीएस) के तहत राज्य में मई से नवंबर 2021 तक कुल **58.91 लाख परिवारों को मुफ्त चावल दिए जाने का लक्ष्य** है।

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने महामारी की स्थिति को ध्यान में रखते हुए गरीब और ज़रूरतमंद राशन कार्ड धारकों को मुफ्त चावल देने की घोषणा की थी।
- आधिकारिक सूत्रों के अनुसार राज्य में **प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई)** के तहत कुल 51.20 लाख परिवार आते हैं और उन्हें 3 रुपए प्रति किलो चावल का भुगतान करना होगा।
- छत्तीसगढ़ सरकार की **'अन्नपूर्णा अन्न योजना'** के तहत अंत्योदय परिवारों को 35 किलो चावल और प्राथमिकता वाले परिवारों को प्रति सदस्य 5 किलो चावल दिया जाता है।
- पीएमजीकेएवाई के तहत अंत्योदय और प्राथमिकता वाले राशन कार्ड रखने वाले परिवार के प्रत्येक सदस्य को केंद्र की योजना के अंतर्गत 5 किलो अतिरिक्त चावल मिलता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/free-rice-to-58-91-lakh-families-under-pds